**University in Media Month of May '2025**

**Amar Ujala Page No. 07 Date 09.05.2025**

# अंबेडकर विवि में पीजी के दाखिले मई के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगे

## इस सत्र से राजनीति विज्ञान में एमए शुरु होगा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) में सत्र 2025-26 के लिए पीजी के लिए आवेदन प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह तक शुरु होगी। वहीं, इस बार विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान में एमए और साहित्य में डीलिट शुरु करेगा। कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने यूजी-पीजी दाखिले के लिए बृहस्पतिवार को विवरणिका जारी की।

इस साल यूजी के 20 कोर्स की 1123, पीजी के 28 कोर्स की 1491 सीटों पर दाखिले होंगे। बताया कि एनटीए ने सीयूईटी पीजी का रिजल्ट जारी कर दिया है। अब विवि ने पीजी की दाखिला प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर दी है। एनटीए से रिजल्ट का डाटा मिलते ही आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### 550 और 700 रुपये है आवेदन शुल्क

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए सामान्य और ओबीसी आवेदनकर्ताओं को 550 रुपये प्रति कोर्स, जबकि अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 250 रुपये प्रति कोर्स देना होगा। वहीं, पीजी में सामान्य और ओबीसी के लिए यह 700 और अन्य के लिए 300 रुपये है।

वहीं, यूजी में दाखिले के लिए सीयूईटी होने और रिजल्ट जारी होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। पिछले साल की तरह प्रत्येक यूजी और पीजी कार्यक्रम में निराश्रित उम्मीदवारों के लिए एक सीट आवंटित होगी। विवि ने पिछले साल छात्रवृत्ति और छात्र कल्याण योजनाओं पर 6.26 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

**Hindustan Hindi Page No. 10 Date 09.05.2025**

# एयूडी से राजनीति विज्ञान में एमए और डी.लिट कर सकेंगे

**घोषणा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दो नए शैक्षणिक कार्यक्रम एमए (राजनीति विज्ञान) और डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर (डी.लिट) शुरू करने की घोषणा की है।

साथ ही, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश विवरणिका (ब्रोशर) भी जारी किया है। यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर अनु सिंह लाठर ने गुरुवार को विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में विश्वविद्यालय कुल 2,614 सीटों पर प्रवेश देगा। इनमें 1,123 सीटें यूजी और 1,491 सीटें पीजी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित हैं। विश्वविद्यालय 20 स्नातक, 28 परास्नातक और 22 पीएचडी कोर्स की पढ़ाई कराता है। अधिकतर में प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से होगा, जबकि बीबीए (इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट) कार्यक्रम में प्रवेश कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन कमेटी के जरिए होगा।

डी.लिट कार्यक्रम को लेकर कुलपति ने बताया कि यह सामाजिक विज्ञान, मानविकी, साहित्य और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शोधार्थियों को मान्यता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक अर्जित डिग्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो आमतौर पर एक मानद उपाधि के रूप में दी जाती है। वहीं, एमए (राजनीति विज्ञान) पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप व्यावहारिक और क्षेत्रीय अध्ययन पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्नातक में यह कोर्स है, लेकिन एक सर्वे में सामने आया कि छात्र राजनीति विज्ञान में परास्नातक कोर्स भी करना चाहते हैं। इसलिए यह शुरू किया गया है।



## आवेदन का शुल्क

स्नातक के लिए 550 रुपये सामान्य और ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और ईडब्ल्यूएस के लिए यह शुल्क 250 रुपये है। परास्नातक के लिए आवेदन शुल्क 700 रुपये है। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और ईडब्ल्यूएस के लिए यह शुल्क 300 रुपये है।

## भ्रमण और अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा दे रहे : कुलपति

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अब एनईपी के तहत क्षेत्रीय भ्रमण और अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। उदाहरणस्वरूप, विद्यार्थियों को हरियाणा के राखीगढ़ी जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। विश्वविद्यालय ने 2024-25 सत्र से प्रत्येक यूजी और पीजी कार्यक्रम में अनाथ विद्यार्थियों के लिए एक-एक सीट आरक्षित करने की व्यवस्था भी शुरू की है। एयूडी में दिल्ली के किसी स्कूल से 12वीं करने वाले छात्र के लिए स्नातक में 85% सीटें आरक्षित हैं। स्नातक करने वाले छात्र के लिए परास्नातक में 85 फीसदी सीटें आरक्षित हैं।

**Jansatta Page No. 05 Date 09.05.2025**

# आंबेडकर विवि ने राजनीति शास्त्र में एमए, डीलिट पाठ्यक्रम की घोषणा की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 मई।

आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने गुरुवार को 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दो नए शैक्षणिक कार्यक्रम राजनीति शास्त्र में परास्नातक (एमए) और डाक्टरेट आफ लिटरेचर (डीलिट) शुरू करने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, इस वर्ष स्नातक स्तर पर कुल 1,123 और परास्नातक स्तर पर 1,491 सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि एयूडी की फीस अत्यंत रियायती है क्योंकि विश्वविद्यालय पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता।


**Navbharat Times Page No. 09 Date 09.05.2025**

# AUD में MA पॉलिटिकल साइंस, D.Litt की होगी पढ़ाई

## जल्द खुलेगी PG कोर्स में एडमिशन विंडो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo




आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) मे नए सेशन के दाखिले प्रक्रिया की शुरुआत पोस्ट ग्रैजुएट कोर्सो से होगी। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-PG) का रिजल्ट आ चुका है और अब यूनिवर्सिटी हफ्ता-दस दिन मे PG कोर्सो के लिए अपनी रजिस्ट्रेशन विंडो खोलेगा। दिल्ली सरकार की इस यूनिवर्सिटी मे 2025-26 सेशन मे UG और PG की 2614 सीटो और पीएचडी प्रोग्राम की 90 से ज्यादा सीटो पर एडमिशन होंगे। इस साल यूनिवर्सिटी दो कोर्स भी शुरू कर रहा है। पहला, MA पॉलिटिकल साइंस और डॉक्टर ऑफ लिटरेचर यानी D.Litt। AUD प्रशासन ने गुरुवार को अपना एडमिशन ब्रोशर लॉन्च किया। इस महीने अंडरग्रैजुएट और पोस्टग्रैजुएट कोर्सो मे एडमिशन होंगे। इनमे UG की 1123 सीटें, तो PG की 1491 सीटें है। यूनिवर्सिटी साल मे दो बार पीएचडी एडमिशन करती है। 90 से ज्यादा पीएचडी सीटो पर दाखिले होंगे। कुल मिलाकर 2704 सीटो पर एडमिशन किए जाएंगे। CUET-UG के रिजल्ट के बाद UG कोर्सो मे दाखिले होंगे।

> नए सेशन के दाखिले प्रक्रिया की शुरुआत पोस्ट ग्रैजुएट कोर्सो से होगी

AUD वाइस चांसलर प्रो अनु लाठर ने बताया कि यूनवर्सिटी के बजट का अच्छा-खासा हिस्सा स्टूडेंट्स सपोर्ट सिस्टम पर खर्च किया जा रहा है। हमे पूरा फंड सरकार से मिलता है। SC-ST, PWD स्टूडेंट्स से हम फीस नही लेते है। रिसर्च कल्चर को बढ़ावा देने के लिए पीएचडी मे मेरिट वाले स्टूडेंट्स को अच्छी स्कॉलरशिप दी जाती है। पिछले साल कुल मिलाकर यूनिवर्सिटी ने 6.26 करोड़ रुपये का फंड स्कॉलरशिप और स्टूडेंट्स वेलफेयर स्कीम मे खर्च किया। नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के तहत हम फील्ड वर्क को प्रमोट कर रहे है और इसका खर्च भी यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स से नही लेती है। AUD के डीन स्टूडेंट्स सर्विसेज प्रो संतोष के. सिंह ने बताया कि हम इस साल दो कोर्स शुरू कर रहे है। पॉलिटिकल साइंस की डिमांड को देखते हुए हमने MA पॉलिटिकल साइंस इस सेशन से शुरू करने का फैसला लिया है। इस कोर्स मे भी CUET PG के स्कोर के आधार पर एडमिशन होंगे। दूसरा प्रोग्राम है- D.Litt, जो रिसर्च को पहचान देने के लिए शुरू किया जा रहा है।

**Rashtriya Sahara Page No. 05 Date 09.05.2025**

# अंबेडकर विवि ने 2025-26 के लिए राजनीति शास्त्र में एमए, डी.लिट पाठ्यक्रम की घोषणा की

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने बृहस्पतिवार को 2025-26 सत्र के लिए दो नए शैक्षणिक कार्यक्रम राजनीति शास्त्र में परास्नातक (एमए) और डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर (डी.लिट) शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह लाठर ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी और स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश पुस्तिका का भी विमोचन किया।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्नातक स्तर पर, कुल 1,123 और परास्नातक स्तर पर 1,491 सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी। लाठर ने विश्वविद्यालय के 'समावेशी' और 'सुलभ' शिक्षा मॉडल को रेखांकित करते हुए कहा, 'हमारी फीस अत्यंत रियायती है क्योंकि विश्वविद्यालय पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। छात्रवृत्ति और छात्र कल्याण योजनाओं पर पिछले वर्ष 6.26 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप ढाल रहा है और 'अनुभवात्मक अधिगम' (एक्सपीरिएंशल लर्निंग) पर जोर दे रहा है। लाठर ने कहा कि एनईपी के फील्ड वर्क पर जोर देते हुए हमारे छात्र हरियाणा के राखीगढ़ी जैसे स्थलों पर व्यावहारिक अनुभव के लिए जा रहे है। डीलिट कार्यक्रम साहित्य, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने या उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। लाठर ने बताया कि आमतौर पर डी.लिट को मानद उपाधि के रूप में दिया जाता है, लेकिन एयूडी में इसे अर्जित की जाने वाली शैक्षणिक उपाधि के रूप में शुरू किया जाएगा।

**The Times of India Page No. 11 Date 09.05.2025**

# AUD launches new programmes, get two permanent campuses soo

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Dr BR Ambedkar University on Thursday announced the launch of two new programmes—MA in political science and DLitt— in the new academic year. A total of 2,704 seats will be on offer for the upcoming 2025-26 session across UG, PG and PhD seats, vice-chancellor Anu Singh Lather said in a press conference.

The university's new permanent campuses in Dhirpur and Rohini are also likely to come up soon, Lather said, adding that talks are on with chief minister Rekha Gupta and funds for at least one campus may be sanctioned anytime. The total cost at which these campuses are expected to come up is over Rs 2,000 crore, officials present at the conference said.

"We had done a market survey of popular courses last time and based on it, we started UG in political science. We received a massive response for the course. Encouraged by that, we have decided to launch an MA in political science," Lather said.

"The DLitt programme is launched to encourage scholars or experts who have already completed their PhD to undertake specialised research at our institute," she added.

**VC ANU SINGH LATHER SAYS**

**MA in political science and DLitt will be introduced in the new academic year. A total of 2,704 seats will be on offer for the upcoming 2025-26 session across UG, PG and PhD seats**

Admissions for the MA programme will be held through CUET. For DLitt, applications will be accepted all year long and a special committee will review these. The criteria for DLitt is PhD and minimum 5 years of experience.

The VC further said that the university was working on implementing a one-year MA programme. It already holds a biannual admission cycle as per UGC recommendations.

For the new academic cycle, admissions will be open for 20 UG courses, 28 PG programmes and 22 Phd progr mission into these courses through CUET except BBA- sion for which will be held th mon Management Admission

The total UG seats on offe total PG seats is 1,491. Above t pernumerary seats reserved categories include 134 for dents at UG level, 169 for PG UG and 28 PG seats for sing and Kashmiri migrants, 18 U seats for co-curricular activ UG and 28 PG seats for sports

In addition, one seat in e PG programme will be re orphan students.

While 85% of the seats in University are reserved fo the domicile of the student i dered for according admissio dent has completed his/her from Delhi, they will be con this 85% reservation. The esn't have to be a permanent the city. The current tot strength of the university is

**Dainik Jagran ( Jagran city)     Page 04     10.05.2025**

# एयूडी में राजनीति विज्ञान में शुरू होगा एमए और डी

- स्नातक व परास्नातक की कुल 2,704 सीटों पर होगा दाखिला
- दिल्ली में पढ़ाई कर चुके छात्रों के लिए 85 प्रतिशत सीटें रिजर्व

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए शैक्षणिक अवसरों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर (एमए) और डाक्टरेट आफ लिटरेचर (डीलिट) जैसे दो नए पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस सत्र में कुल 2,704 सीटों पर दाखिला दिया जाएगा, जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के पाठ्यक्रम शामिल हैं।

कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने बताया कि पिछले वर्ष किए गए सर्वेक्षण के आधार पर राजनीति विज्ञान में स्नातक की शुरुआत की गई थी। छात्रों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए अब एमए का पाठ्यक्रम भी शुरू किया जा रहा है। डीलिट पाठ्यक्रम उन शोधकर्ताओं के लिए है, जिन्होंने



अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली मे प्रवेश ब्रोशर को लांच करतीं कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी ● जागरण

पहले से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है और गहन शोध करना चाहते हैं। यह अर्जित उपाधि होगी, जिसके लिए आवेदन साल भर खुले रहेंगे और चयन एक विशेष समिति की ओर से किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम योग्यता पीएचडी और पांच वर्षों का अनुभव निर्धारित किया गया है।

प्रो. लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय यूजीसी की सिफारिशों के अनुरूप द्विवार्षिक प्रवेश प्रक्रिया पहले ही अपना चुका है और अब एक वर्षीय एमए पाठ्यक्रम पर भी काम चल रहा है। यह कदम नई शिक्षा नीति के अनुरूप लिया जा रहा है। इस बार 20 स्नातक, 28 स्नातकोत्तर और 22 पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश खुले रहेंगे। सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों में दाखिला कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से होगा, जबकि बीबीए-आईईवी के लिए कामन मैनेजमेंट एडमिशन कमेटी के जरिये दाखिला होगा। कुल 1,123 सीटें स्नातक और 1,491 सीटें स्नातकोत्तर के लिए उपलब्ध हैं। विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षित सीटों में 134 विदेशी छात्र, एकल बालिका और कश्मीरी प्रवासी वर्ग के लिए क्रमशः 18 यूजी और 28 पीजी सीटें, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों और खेल कोटे के तहत सीटें निर्धारित की यूजी और पीजी पाठ् छात्रों के लिए एक की गई है। कुल 8 दिल्ली में पढ़ाई क लिए आरक्षित हैं, के स्थायी निवासी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं।

प्रो. लाठर ने ब में विश्वविद्यालय परिसर धीरपुर व शुरू होने की सं रेखा गुप्ता के साथ जारी है। एक परि कभी भी स्वीकृत परिसरों की लागत रुपये से अधिक परिसर को धीरपुर करने की योजना परिसर यथावत चल

Amar Ujala Page No-10 Date-11-05-2025_page-0001

# डॉ. बीआर आंबेडकर विवि में छात्राओं को मिलेगी ई-रिक्शा की सुविधा

**नई दिल्ली।** डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय ने छात्राओं को सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके तहत विवि ने छात्राओं के लिए विशेष रूप से नई ई-रिक्शा सुविधा की शुरूआत की है।

**कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर ने शनिवार को ई-रिक्शा सुविधा को हरी झंडी दिखाई**

विवि की कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर ने शनिवार को ई-रिक्शा सुविधा को हरी झंडी दिखाई। विवि की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प प्रदान करना है। ई-रिक्शा सेवा विवि के कश्मीरी गेट और कर्मपुरा परिसरों से क्रमशः कश्मीरी गेट मेट्रो और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशनों तक संचालित होगी। छात्राएं शाम पांच बजे से सात बजे तक इस सुविधा का निःशुल्क लाभ उठा सकती हैं। अंबेडकर विवि की कुलपति ने कहा, हम अपने छात्रों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ब्यूरो

**Amar Ujala Page No. 07 Date 16.05.2025**

# बीआर अंबेडकर विवि में दाखिले की रेस आज से

## शुक्रवार को पीजी दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल होगा लॉन्च

अमर उजाला ब्यूरो

### सीयूईटी पीजी में 3,60,779 छात्रों ने विश्वविद्यालय में दिखाई है रुचि

नई दिल्ली। डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में 28 स्नातकोत्तर कोर्सेज में दाखिले का इंतजार समाप्त हो गया है। अंबेडकर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत स्नातकोत्तर कोर्सेज में दाखिले की रेस शुक्रवार सुबह से शुरू होगी। इसके लिए विवि प्रशासन एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च करेगा, जिसके माध्यम से दाखिले के इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

सीयूईटी पीजी की आवेदन प्रक्रिया के दौरान देशभर से करीब 3,60,779 छात्रों ने डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में रुचि दिखाई है। इस तरह से इन छात्रों ने अपनी मास्टर डिग्री के लिए विश्वविद्यालय को अपने पंसदीदा संस्थानों में से एक के रूप में चुना है। विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर स्तर पर 28 प्रोग्राम की पढ़ाई होती है। जिनमें मानविकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, विकास अध्ययन, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, विधि शामिल हैं।

अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अनु सिंह लाथर ने कहा कि हमारे पीजी कार्यक्रम छात्रों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से हम अगली पीढ़ी के नेताओं और परिवर्तन निर्माताओं को तैयार करने के लिए तैयार हैं। स्नातकोत्तर में दाखिले के इच्छुक उम्मीदवार विभिन्न कोर्सेज और उनकी प्रवेश प्रक्रिया के विषय में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http://www.aud.ac.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

**सीयूईटी में विश्वविद्यालय को चयनित नहीं करने वाले भी कर सकते हैं आवेदन :** विश्वविद्यालय ने छात्रों की सहूलियत के लिए एक लचीली सुविधा प्रदान की है। विश्वविद्यालय ने जिन आवेदकों ने सीयूईटी पीजी आवेदन प्रक्रिया के दौरान डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का चयन नहीं किया था, वे भी अब विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदनकर्ता का दाखिले के सभी मानदंडों को पूरा करना जरूरी है। आवदेन के समय दस्तावेज पूरे होने चाहिए।

**Hindustan Hindi Page No. 02 Date 16.05.2025**

# एयूडी में 3.6 लाख छात्रों ने रुचि दिखाई

नई दिल्ली। डॉ. बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) में रिकॉर्ड 3,60, छात्रों ने विभिन्न कोर्स में दाखिला के लिए रुचि दिखाई है। दिल्ली शैक्षणिक 2025-26 के लिए 16 मई को प्रात:काल से अपने स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवे लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू कर रहा है। बता दें कि विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 28 विविध पीजी कार्यक्रम प्रदान करता है।


**Navbharat Times Page No. 06 Date 16.05.2025**

# AUD: पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए पोर्टल खुलेगा आज, 1491 सीटों पर होंगे एडमिशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डॉ. बी.आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली में (एयूडी) पोस्ट ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल आधिकारिक तौर पर 16 मई से खुलेगा। यूनिवर्सिटी अकैडमिक ईयर 2025-26 के लिए 28 पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला करेगी। 3,60,779 स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-पीजी) के जरिए मास्टर डिग्री पाने के लिए अपने पसंदीदा संस्थानों में से एक के रूप में चुना है। यूनिवर्सिटी में पीजी की कुल 1491 सीटें हैं। इस बार पॉलिटिकल साइंस में पीजी कोर्स के लिए भी दाखिला ले सकेंगे।

यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सों में ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंस, मैनेजमेंट, डिवेलपमेंट स्टडीज, साइकलॉजी, लॉ, क्रिमिनोलॉजी, ग्लोबल स्टडीज, अर्बन स्टडीज, पॉलिटिक्स एंड सोसायटी, फिल्म स्टडीज, जेंडर स्टडीज, हिस्ट्री, लिटरेरी आर्ट, परफॉर्मेंस स्टडीज, सोसियॉलजी,



हिंदी जैसे कई अच्छे कोर्स शामिल हैं। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. अनु सिंह लाथर ने कहा कि जिन आवेदकों ने शुरू में एयूडी का चयन नहीं किया था, वो भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पीजी कोर्स क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट (http://www.aud.ac.in) पर जाकर हर कोर्स की एलिजिबिलिटी और एडमिशन प्रक्रिया की पूरी जानकारी ले सकते हैं। कश्मीरी गेट, करमपुरा, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया और लोदी रोड में यूनिवर्सिटी के चार कैंपस हैं।

## JNU: पीएचडी के लिए एंट्रेंस की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: JNU में एक बार फिर एंट्रेंस एग्जामिनेशन सिस्टम शुरू करने की मांग शुरू हो गई है। पीएचडी के दाखिले NET दिसंबर के आधार पर करने के फैसले पर स्टूडेंट्स यूनियन (JNUSU) ने ऐतराज जताया है। यूनियन का कहना है कि यूनिवर्सिटी की एडमिशन ब्रांच के साथ हुई मीटिंग में अधिकारियों ने बताया कि आने वाले पीएचडी के दाखिले सिर्फ नेट 2024 के स्कोर के आधार पर ही होंगे। यूनियन का कहना है कि दाखिले नेट नहीं, जिसे नैशनल टेस्टिंग एजेंसी करवाती है, बल्कि पहले की तरह JNU एंट्रेंस एग्जामिनेशन के आधार पर होने चाहिए। नेट के जरिए पीएचडी के एडमिशन होना उचित नहीं है। हमारी मांग है JNU एंट्रेंस एग्जाम वापस लाया जाए।

**Rashtriya Sahara Page No. 05 Date 16.05.2025**

# अंबेडकर विवि में पीजी की एक सीट के लिए 257 आवेदक

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

■ 1400 सीटों के लिए 3.60 लाख ने किया आवेदन

■ सीयूईटी से दाखिले में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय को चुना

दिल्ली सरकार के डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के दाखिले में यहां की एक सीट के लिए 257 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय की पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज की कुल 1400 सीटों के लिए 3,60,779 ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार सुबह से शुरू होगी।

विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 28 पाठयक्रमों में दाखिले करता है। इनमें मानिवकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, विकास अध्ययन, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, विधि आदि के कोर्सेज शामिल हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार इस साल 3,60,779 छात्रों ने डॉ. बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में रुचि दिखाई है, जिन्होंने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-पीजी) के माध्यम से अपनी मास्टर डिग्री के लिए विश्वविद्यालय को अपनी पसंदीदा संस्थानों में से एक के रूप में चुना है।

अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सुलभता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एक लचीली प्रवेश व्यवस्था शुरू की है। जिन आवेदकों ने सीयूईटी आवेदन प्रक्रिया के दौरान डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का चयन नहीं किया था, वे भी विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे प्रवेश मानदंडों को पूरा करते हों। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाथर ने कहा कि हमें अपनी जीवंत शैक्षणिक समुदाय में इच्छुक छात्रों का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमारे पीजी कार्यक्रम आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हम अगली पीढ़ी के नेताओं और परिवर्तन निर्माताओं को तैयार करने के लिए तत्पर हैं। इच्छुक उम्मीदवार कार्यक्रमों और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

**Times of India Page-07 Date-17.05.2025**

# Details on PG admission at AUD just a click away

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Dr BR Ambedkar University Delhi (AUD) launched its online admission portal for post-graduate courses on Friday, marking the start of the admission process for the 2025–26 academic year.

A record 3.6 lakh students have expressed interest in AUD through the Common University Entrance Test for Postgraduate (CUET-PG), the university said.

A total of 1,491 seats are available across 28 PG programmes, spanning disciplines such as humanities, social sciences, psychology, law, management, and development studies. A new Master's programme in political science has also been introduced this year.

The newly-launched portal provides details on eligibility, programme offerings, and application procedures. AUD also announced that candidates who did not select the university during CUET can still apply directly through its portal if eligible.